दिनांक 23.07.2024 ''स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई''

नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रभात फेरी के माध्यम से चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय/चतुर्थ चरण के स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नागरिकों को जागरूक किये जाने यूवोदय की छात्राओं एवं महिला समूह की स्वच्छता दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम भिलाई द्वारा 22 जुलाई से 31 अगस्त तक वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें वार्डो में रैली, नुक्कड–नाटक, स्त्रोत पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग हेतु जाकर जानकारी दी जायेगी। स्वच्छता में उत्कृष्ठ काम करने वाले नागरिको को प्रोत्साहन बेस्ट ऑफ वेस्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीरो वेस्ट कार्यक्रम को बढ़ावा देने, मलबों से उपयोगी चीजें बनाये जाने आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किये जायेगें। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के स्वच्छता विशेषज्ञो द्वारा डोर–टू–डोर स्वच्छता संग्रहण व एसएलआरएम केन्द्रो में संलग्न महिलाओ/स्वच्छता दीदीयों तथा यूवोदय की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले चार अलग–अलग प्रकार के कचरे, सुखा, गीला, सेनेटरी वेस्ट तथा हेजार्डियस कचरो के निपटान, गीले कचरे से होम कम्पोटिंग तैयार करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु नागरिको को जागरूक करने अभियान चलाने निर्देशित किया गयइं प्रशिक्षण में रिडयूस, रीयूज, रीसायकल केन्द्र के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे वे नागरिकों के माध्यम से पुराने कपड़े, जूते, किताबें और इस्तेमाल किये जा चुके प्लास्टिक वेस्ट का पुनः उपयोग या पुनर्नवीनीकरण कराने दिशा में योगदान दे सकें। इसी प्रकार वार्डो में स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग कर सामाजिक कार्यक्रमों में जीरों वेस्ट के माध्यम से कार्यक्रम करने जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत को निदान 1100 के टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर शिकायत दर्ज किये जाने, नागरिको को जागरूक करने कहा गया। व्यवसायिक क्षेत्रों में होटलों व रेस्टोरेंट से निकलने वाले गीले कचरे को ऑन साईट कम्पोस्टिंग करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने समझाइस देने व जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी दिप्ती साहू, सूडा से प्रीति राजपूत, मिशन मैनेजर अमन पटले व स्वच्छता विभाग के पीआईयू उपस्थित थे।